# कस्टम हायरिंग सेंटर से कम किराये पर किसानों को कृषि उपकरण मिल सकेंगे : विनोद चौधरी




हनुमानगढ़ में सिंगल यूज प्लास्टिक बैन के जागरूकता पोस्टर का विधायक चौधरी विनोद कुमार ने विमोचन किया।

■ केन्द्रीय सहकारी बैंक के वसूली में नंबर वन होने पर पीठ थपथपाई

**हनुमानगढ़,** (कासं)। 100 वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर जंक्शन स्थित प्राथमिक मल्टीपरपज सहकारी समिति लिमिटेड में केन्द्रीय सहकारी बैंक, कृभको व प्राथमिक मल्टीपरपज सहकारी समिति लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में सहकार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राथमिक मल्टीपरपज सहकारी समिति में कस्टम हायरिंग सेन्टर का उद्घाटन हनुमानगढ़ विधायक चौ. विनोद कुमार व जिला कलेक्टर नथमल डिडेल ने किया। भूमि विकास बैंक के सचिव पीथदान चारण की प्रशंसा करते हुए चौ. विनोद कुमार ने कहा कि यह बैंक बंद होने के कगार पर आ गया था लेकिन अब सचिव ने इसे राजस्थान में नंबर वन पर ला दिया है। केन्द्रीय सहकारी बैंक के वसूली में नंबर वन होने पर पीठ थपथपाई। कस्टम हायरिंग सेंटर को लेकर कहा कि कृषि के महंगे उपकरण हर कोई नहीं खरीद पाता और ये काम भी साल में दो तीन बार आते है। ऐसे में कस्टम हायरिंग सेंटर से बहुत कम किराये पर किसानों को कृषि उपकरण मिल सकेंगे। इसका बड़ा लाभ किसानों को मिलेगा।

अतिथियों द्वारा सहकार गोष्ठी में राज सहकार व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना अंतर्गत हनुमानगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक की शाखा गोलूवाला की समिति खोथावाली के मृतक सदस्य रणवीर राम की नोमिनी सुमित्रा देवी को 10.00 लाख रुपये का चैक प्रदान किया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक बैन को लेकर जागरूकता पोस्टर व नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वित्तीय डिजिटल साक्षरता अभियान पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में इस अवसर पर केन्द्रीय सहकारी बैंक के एम.डी. दीपक कुक्कड़, डीआर कॉपरेटिव अमिलाल सहारण, कृभको के मुख्य राज्य प्रबंधक हवा सिंह रणवा, कृभको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक नंदलाल भाकर, भूमि विकास बैंक के सचिव पीथदान चारण, पीएमएसएस समिति के अध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक जोईया, जनसंपर्क अधिकारी सुरेश बिश्नोई, कृषि उपज मंडी समिति के सचिव सीएल वर्मा, कृषि विभाग के बीआर बाकोलिया, कृभको के फील्ड ऑफिसर राजेश बिश्नोई, फिल्ड ऑफिसर (बीज) अनुज गोदारा, भूपेन्द्र चौधरी, गुरमीत चंदड़ा, सुखदेव सिंह जाखड़ समेत विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्राम सहकारी समितियों के व्यवस्थापक उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। उसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। मंच संचालन कृभको के फिल्ड ऑफिसर राजेश बिश्नोई ने किया।

सहकार गोष्ठी को संबोधित करते हुए हनुमानगढ़ विधायक चौ. विनोद कुमार ने कहा कि पहले किसानों को लोन लेने में बहुत दिक्कत आती थी लेकिन सोसायटियों से लोन मिलने पर कृषि उत्पादकता बढ़ी। कुछ सहकारी समितियों में गड़बड़ी हुई। लिहाजा इन पर अंकुश रखना भी जरूरी है। किसानों का विश्वास प्राप्त करने के लिए सहकारी समितियों का प्रत्येक छह महीने में ऑडिट हो। साथ ही कहा कि किसान जिस कार्य के लिए लोन लें, पैसा उसी में खर्च करें। जिला कलेक्टर नथमल डिडेल ने कहा कि इस जिले ने सहकारिता के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य किया है। किसानों के प्रति राज्य सरकार की संवेदनशीलता देखी जा सकती है कि सरकार ने किसान कल्याण कोष की राशि को 2 हजार करोड़ से बढ़ाकर 5 हजार करोड़ कर दिया। कृषि बजट अलग से पेश किया गया। 11 छोटे छोटे मिशन की घोषणा की। जिसमें उर्वरता, बीज, खाद, सिंचाई, कृषि उपकरण इत्यादि किसानी के हर पहलू को कवर किया गया है। कृषि बजट को प्रत्येक किसान तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला की जा रही है। कस्टम हायरिंग सेंटर एक अच्छा कॉन्सेप्ट है जिससे छोटे किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा।

## अब 20 और स्थानों पर इंदिरा रसोई की सुविधा

**बीकानेर,** (कासं)। नगर निगम क्षेत्र में 20 और स्थानों पर इंदिरा रसोई का संचालन होगा।

इन 20 इंदिरा रसोई के साथ अब कुल 30 इंदिरा रसोई निगम क्षेत्र में संचालित होगी। नवीन इंदिरा रसोई के संचालन के लिए आवेदनों के प्राप्त होने के बाद जिला स्तरीय समन्वय एवं मॉनिटरिंग समिति की हुई बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार इंदिरा रसोई के संचालन के लिए चयन किया गया। शहर में अब 30 स्थानों पर सुबह और शाम 8 रुपए प्रति थाली के अनुसार गर्म व पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो सकेगा।

शहर में पीबीएम हॉस्पीटल से बच्चा वार्ड के बीच, नगर निगम पम्पिंग स्टेशन के अंदर, लालगढ़ रेलवे स्टेशन के सामने, करमीसर फांटे के पास, ऊन मंडी पूगल रोड, मुक्ता प्रसाद सेक्टर संख्या 17, खादी मंदिर हॉल रानी बाजार, ख्वाजा कॉलोनी करणी औद्योगिक क्षेत्र, रामदेव मंदिर के पास सुजानदेसर, नायकों का मौहल्ला, सामुदायिक भवन, नोखा रोड बस स्टैण्ड गंगाशहर, वाल्मीकि बस्ती सामुदायिक भवन, नई लाइन गंगाशहर बोथरा चौक, उस्तों की बारी, पशु चिकित्सालय के अंदर गोगागेट, ग्रामीण हाट जेएनवीसी, हल्दीराम प्याऊ के पास, शिवबाड़ी मंदिर के सामने, पुलिस चौकी के सामने, नागणेचीजी मंदिर के पास सामुदायिक भवन में इंदिरा रसोई का संचालन होगा।

## सार-समाचार

### डॉ शुक्ला बाला पुरोहित का सम्मान



**बीकानेर,** (कासं)। स्वतंत्रता सेनानी मालचंद सोनी स्मृति ट्रस्ट द्वारा वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. शुक्ला बाला पुरोहित का सम्मान किया गया। सादुलगंज में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में डॉ. पुरोहित की नगर में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समग्र सेवाओं की चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षाविद एवं व्यंग्यकार डॉ. अजय जोशी ने कहा कि डॉ. पुरोहित जैन पीजी कॉलेज एवं रामपुरिया जैन कॉलेज की प्राचार्य रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. पुरोहित जैन पाठशाला द्वारा संचालित छात्रा विंग की प्रभारी रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. पुरोहित ने छात्रों में अनुशासन, और सामाजिक सरोकारों, संस्कारो से जोड़ने में प्रभावी भूमिका का निर्वहन किया है। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ लेखक अशफाक कादरी ने कहा कि डॉ. पुरोहित ने अपनी विद्वता और प्रशासनिक क्षमता से शिक्षा जगत में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष राजाराम स्वर्णकार ने कहा कि डॉ. पुरोहित की सेवाओं का सम्मान समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संरक्षक शिव कुमार सोनी ने सम्मान पत्र का वाचन किया। कार्यक्रम में डूंगर कॉलेज में हिंदी राजस्थानी विभागाध्यक्ष डॉ. सुचित्रा कश्यप, संतोष कुमार व्यास, श्रीमती झंवरा स्वर्णकार सहित गणमान्यजन ने डॉ. पुरोहित को सम्मानित किया । डॉ. एन. के. पारीक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पीलिया के बचाव की जानकारी देंगे

**बीकानेर,** (कासं)। हेपेटाइटिस रोग से बचाव तथा इसके उपचार को प्राथमिकता देने तथा जन जागरण को लेकर जिले में हेल्दी लीवर कैम्पेन चलाया जाएगा। 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस तक चलने वाले इस सघन अभियान में आमजन को पीलिया के कारण बचाव तथा उपचार की जानकारी दी जायेगी। लीवर के स्वास्थ्य की सुरक्षा पर जोर दिया जाएगा। सरकारी व गैर सरकारी तंत्र के माध्यम से पेयजल स्त्रोतों का शुद्धिकरण का सुनिश्चित तंत्र विकसित किया जाएगा। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने राज्य स्तर से तय की गई टाइमलाइन के हिसाब से समस्त गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त पेयजल स्त्रोतों की समयबद्ध सफाई करवाने तथा उसकी सूचना नियमित रूप से जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को देने के निर्देश दिए। हेल्दी लीवर कैम्पेन । के तहत समस्त खंड स्तर पर भी कार्ययोजना के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में बैठकों का आयोजन किया जायेगा। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से खंड स्तर से सभी उपखंड अधिकारी, ब्लॉक सीएमओ व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि अभियान में जिला प्रशासन के नेतृत्व में नोडल विभाग चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, पंचायती राज विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगर निकाय, स्काउट एंड गाइड, एनसीसी, नेहरू युवा केन्द्र इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उल्लेखनीय है कि तंबाकू मुक्त राजस्थान अभियान की सफलता के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ जितेंद्र कुमार सोनी तथा राष्ट्रीय हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ एस. एन. धौलपुरिया के निर्देशन में प्रदेश स्तर पर सघन हेल्दी लीवर लीवर कैम्पेन शुरू किया गया है।

### सौहार्द बिगाड़ने पर दो गिरफ्तार

**सादुलपुर,** (निसं)। बलौदा पुलिस ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट डाल साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की संभावना पर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सुरेश कुमार कानि ने निगरानी करते हुए थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा पुलिस निरीक्षक को बताया कि सुनील नायक निवासी वार्ड 17 कस्बा राजगढ (चूरू) व अजय कुमार पुत्र सांवरमल जाति खटीक निवासी वार्ड नम्बर 30 कस्बा राजगढ द्वारा अपनी फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट डाली है, । जिस पर थानाधिकारी राजगढ कृष्ण कुमार नें ओमप्रकाश हैड कानि को मय टीम के भेजकर फेसबुक पर अर्नगल टिप्पणी करके साम्प्रदायिकता भडकाने का प्रयास करने वाले उक्त दोनों आरोपी सुनील कुमार नायक व अजय कुमार खटीक को शांतिभंग सहित अन्य धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### ग्राम समिति का गठन

**सादुलपुर,** (निसं)। भारतीय किसान संघ द्वारा गाँव कांधराण में ग्राम समिति का गठन जिला अध्यक्ष भारतीय किसान संघ मुकेश रामपुरा के नेतृत्व में आयोजित बैठक में किया। वहीं कांधराण गाँव में मंदिर में बैठक कर रामपत स्वामी ग्राम प्रमुख, सुरेन्द्र सिंह ग्राम मंत्री, गोपीराम ग्राम युवा प्रमुख, निशा कुमारी महिला प्रमुख, रिसि कुमार व्यसन मुक्ति प्रमुख, डॉ. सुनिल कुमार स्वच्छता प्रमुख, रामसिंह मेघवाल जैविक प्रमुख, विकास कुमार गौसेवा प्रमुख, महेन्द्र राव जल संरक्षण प्रमुख, मक्खन सिंह पौधारोपण प्रमुख, अजीत जांगिड सुरक्षा प्रमुख आदि को ग्राम समिति के दायित्व सौंपा गया। वहीं बैठक में बरसात के मौसम के अनुसार अधिक से अधिक पेड लगाने का निर्णय लिया गया।

### सुलताना समेत गांवों में हुई बारिश

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं के सुलताना कस्बे में तीसरे दिन भी इंद्रदेव मेहरबान रहे। इसके अलावा चिड़ावा कस्बे सहित पास पड़ौस के इलाकों में भी बारिश से मौसम खुशनुमा हुआ। सुलताना में आसमान में बादलों की सुबह से ही आवाजाही लगी रही दोपहर बाद बरसात का दौर शुरू हो गया। बरसात से मौसम सुहावना हो गया। करीब आधे घंटे हुई बरसात के बाद सुलताना कस्बे के मुख्य बस स्टैंड, मोदी मार्केट रोड, चिड़ावा रोड, केहरपुरा रोड पर पानी भर गया। रास्तों पर पानी भरने से वाहन चालकों और राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# धड़ल्ले से हो रहा है पॉलीथिन थैलियों का उपयोग

■ 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक बैन हो गया है लेकिन हनुमानगढ़ में पॉलीथिन की थैलियों का इस्तेमाल किया जा रहा है

**हनुमानगढ़,** (कासं)। देशभर में भले ही 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक बैन हो गया है लेकिन हनुमानगढ़ जिले में धड़ल्ले से पॉलीथिन की थैलियों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

हैरानी की बात यह है कि सरकार से लेकर स्थानीय प्रशासन भी इस पर चुप्पी साधे हुए है। जबकि वे पिछले एक हफ्ते से इस अभियान को लेकर बैठकें करते आये हैं। मुख्य बाजारों से लेकर रेलवे स्टेशन, बस अड्डे सहित परचून की दुकान से लेकर साड़ियों और सूटों की दुकान पर प्लास्टिक की थैलियां दिखाई पड़ी।

सभी जगह ना सिर्फ खुले आम प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल होता नजर आया, बल्कि विभागीय अधिकारियों ने पहले और दूसरे दिन सख्ती भी नहीं दिखाई। यानी अभियान को सफल बनाने को लेकर इक्का-दुक्का कार्रवाई करने के अलावा धरातल पर काम ही नहीं किया गया। वहीं आमजन भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है। बता दें कि 1 जुलाई 2022 से पूरे देश में सिंगल यूज प्लास्टिक और उससे बनी सामग्री, पॉलीथिन और इससे बने बैग सहित 19 आइटम बैन हो गए हैं।

यहां मंडी में किसान खेतों से सब्जी लेकर आये थे जो प्लास्टिक के थैली में पैक थी। बड़ी बात यह कि यहां प्रतिबंध लगने के बावजूद सभी तरह की सब्जियां प्लास्टिक की थैलियों में ही लिपटी नजर आ रही थी। वहीं आमजन भी घर के लिए सब्जियां भी इसी प्लास्टिक की थैली में ले जाते नजर आए। परचून का सामान भी इन्हीं थैलियों में लोगों के घर पहुंच रहा था। बड़ी बात यह कि सरकारी अधिकारी और कर्मचारी के हाथों में भी यही थैलियां नजर आई। सब कुछ पहले जैसा ही नजर आया।

**ये है नियम :** 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक का निर्माण, भंडारण, आयात, वितरण, बिक्री और इस्तेमाल पर पाबंदी लगाई जा चुकी है। इस दौरान अगर कोई प्लास्टिक की थैली में सामान बेचता पाया गया तो उससे जुर्माना वसूला जायेगा। यदि ग्राहक इसका इस्तेमाल करते हैं तो उनसे भी जुर्माना वसूला जायेगा। इसके लिए जिला प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित कई विभागों को कार्रवाई के लिए अधिकृत भी किया गया है।

ये चीजें बैन ईयर बड्स, गुब्बारे की प्लास्टिक डंडी, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी की प्लास्टिक डंडी, आइसक्रीम की प्लास्टिक डंडी, थर्मोकोल के सजावटी सामान, प्लास्टिक की प्लेट, कप, कांटे, चम्मच, स्ट्रा, ट्रे, मिठाई के डिब्बे पैक करने वाली पन्नी, इनविटेशन कार्ड पर लगाई जाने वाली पन्नी, सिगरेट पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली पन्नी, 100 माइक्रोन से पतले पीवीसी व प्लास्टिक के बैन है।

## खेतड़ी में उदयपुर कन्हैया मर्डर कांड का विरोध हुआ मुखर

**खेतड़ी,** (निसं)। उदयपुर के कन्हैया लाल की निर्मम तरीके से मर्डर करने के विरोध में व हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर झुंझुनूं का कॉपर कस्बा आज पूर्णतया बंद है। बाजार बंद कर व्यापारियों ने विरोध दर्ज करवाया है।

कॉपर के बाजारों को बंद करवाने के लिए शनिवार को ही हिंदू संगठन व भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी थी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मदनलाल सैनी के नेतृत्व में व्यापारियों से संपर्क कर अपनी दुकानें बंद कर विरोध दर्ज करवाने का आव्हान किया था तथा गाड़ी से अनाउंसमेंट कर बंद में सहयोग मांगा गया था।

जिस पर सभी व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपनी अपनी दुकानें बंद कर विरोध दर्ज करवाया है। व्यापारियों ने सुबह से ही अपनी दुकानें नहीं खोली है।

कस्बे के न्यू मार्केट, सेंट्रल मार्केट, सुभाष मार्केट, जगदंबा मार्केट सहित लगभग सभी बाजार पूर्णतया बंद है तथा यह शाम तक पूर्णतया बंद रहेंगे।

# कन्हैयालाल की निर्मम हत्या असामाजिक तत्वों का काम : माकपा

■ दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग

**हनुमानगढ़,** (कासं)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने उदयपुर में असामाजिक तत्वों की ओर से कन्हैयालाल की निर्मम हत्या करने की निंदा की है। उन्होंने कहा कि इसके दोषियों को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए। इस तरह का काम असमाजिक तत्व ही कर सकते हैं।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी तहसील कमेटी हनुमानगढ़ के ए जोन किशनपुरा, बाइस एनडीआर, हनुमानगढ़ जंक्शन, जोड़कीया, जंडावाली, हनुमानगढ़ टाउन की पार्टी क्लास जन शक्ति भवन टाउन में माकपा जिला सचिव मंडल सदस्य कामरेड आत्मा सिंह की अध्यक्षता में हुई। पार्टी क्लास में प्रवेशक के रूम में माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड रामेश्वर वर्मा और पार्टी तहसील के प्रभारी कॉमरेड मनीराम मेघवाल मौजूद थे। आज की पार्टी क्लास में उदयपुर में असामाजिक तत्वों द्वारा कन्हैयालाल की निर्मम हत्या करने की निंदा की गई और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की गई।

पार्टी क्लास में कॉमरेड रामेश्वर वर्मा ने कहा कि भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें पार्टी मेंबरों की राय से ही चुनाव किए जाते हैं, लेकिन बीजेपी, कांग्रेस और अन्य पार्टियों में ऐसा नहीं है। दूसरी पार्टियों में ऊपर से बंद लिफाफे आते हैं, लेकिन हमारी पार्टी की ब्रांच व कमेटियां ही अपना नेता चुनती है।

उन्होंने बोलते हुए कहा कि आज जिस प्रकार से पूरे देश के अंदर हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर ध्रुवीकरण कर सत्ता हथियाने के लिए पूंजीपति पार्टियों की होड़ लगी हुई है। लेकिन जनता के साथ एकमात्र मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ही है जो जनता के मुद्दों पर संघर्ष करती है। उन्होंने कहा कि आज देश में सब कुछ निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। पार्टी क्लास का समापन कॉमरेड मनीराम मेघवाल और कॉमरेड शेर सिंह शाक्य द्वारा किया गया।

# सैनी समाज आरक्षण रैली को लेकर बैठक आयोजित

**रतनगढ़,** (निसं)। सैनी समाज को 12 प्रश. आरक्षण की मांग सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर लेकर आगामी 12 जुलाई को जिला स्तर पर सैनी समाज द्वारा रैली निकाल कर ज्ञापन दिया जाएगा। इस रैली को सफल बनाने के लिए जिलास्तरीय प्रतिनिधि मंडल तहसील स्तरों पर समाजबंधुओं से बैठक के माध्यम से जनसंपर्क कर रहे हैं।

इसी क्रम में रविवार को स्थानीय हनुमान पार्क के पास स्थित सैनी समाज अतिथि भवन में सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष चानण मल सैनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रतिनिधि चंद्रमोहन तंवर ने रैली में प्रत्येक तहसील से अधिक से अधिक समाजबंधुओं को पहुंचने का आव्हान किया। बैठक में तहसील अध्यक्ष नन्द किशोर गढवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 12 जुलाई को आयोजित होने वाली रैली के लिए जिलास्तरीय प्रतिनिधि मंडल के निर्देशानुसार आगे की रणनीति तैयार कर ली जाएगी। बैठक को संघर्ष समिति के कार्यसमिति सदस्य व भाजयुमो जिलाध्यक्ष मदनगोपाल बालाण, फुले आरक्षण संघर्ष समिति के जिला संयोजक गजानन्द गौड़, आदी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

## पीटीईटी परीक्षा में 90.4 प्रतिशत की रही उपस्थिति

**झुंझुनूं।** जिले में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर की ओर से आयोजित पीटीईटी प्रवेश परीक्षा-2022 शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सुबह 11.30 बजे से ढाई बजे तक जिले के 41 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिली। परीक्षा में कुल 90.4 प्रतिशत उपस्थिति रही। 9.6 प्रतिशत अनुपस्थिति दर्ज की गई। पीटीईटी परीक्षा के जिला समन्वयक डॉ. सीएम राजोरिया ने बताया कि परीक्षा में पंजीकृत कुल 17 हजार 416 परीक्षार्थियों में से 15 हजार 740 परीक्षार्थी शामिल हुए। 1674 अनुपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवेदन 7 तक मांगे


■ इसमें आवेदक की सालाना आय तीन लाख रुपये तक होनी चाहिए

**बीकानेर,** (कासं)। नगर विकास न्यास क्षेत्र में शामिल 18 राजस्व ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी का क्रियान्वयन अब बीकानेर पंचायत समिति द्वारा किया जायेगा।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के. ने बताया कि इन राजस्व गांवों के पात्र व्यक्तियों को 7 जुलाई तक आवेदन फार्म संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय को प्रेषित करने होंगे। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के निर्देशों की अनुपालना में नगरीय निकाय, विकास प्राधिकरण अथवा नगर विकास न्यास के नोटिफाइड प्लानिंग अथवा डवलपमेंट क्षेत्र को प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी श्रृंखला में बीकानेर में भी न्यास क्षेत्र के राजस्व ग्रामों में योजना का क्रियान्वयन पंचायत समिति द्वारा किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदक की सालाना आय तीन लाख रुपये तक होनी चाहिए तथा आवेदक के स्वयं के नाम भूखंड तथा पट्टा दस्तावेज होने चाहिए अथवा ऐसे लाभार्थी जो नियमन योग्य आबादी भूमि पर पूर्व से निवासरत है, लेकिन भूमि स्वामित्व का पट्टा दिए जाने की प्रक्रिया में है या कालांतर में दिया जा सकता है। ऐसे आवेदक का देशभर में कहीं भी पक्का आवास नहीं होना चाहिए। साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा पूर्व में संचालित किसी भी आवासीय योजना में अनुदान प्राप्त नहीं किया हो।

# रावतसर सीएचसी का नेशनल टीम ने निरीक्षण किया



हनुमानगढ़ के रावतसर में सीएचसी का सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने निरीक्षण कर मरीजों के हाल जाने।

■ अगर आंतरिक मूल्यांकन में रावतसर सीएचसी उत्तीर्ण होती है, तो 75 बैडेड सीएचसी को प्रति बैड 10 हजार रुपए तीन साल तक प्रोत्साहन स्वरुप मिलेंगे

**हनुमानगढ़,** (कासं)। नेशनल क्वालिटी एंश्योरेंस स्टैण्डर्ड (एनक्यूएएस) के मानकों के तहत जिले की रावतसर सीएचसी का नेशनल टीम ने निरीक्षण किया। टीम में डॉ. अर्चना चन्द्रकांत पांडगे, निर्मल नेगी ने सीएचसी का आंतरिक मूल्यांकन किया। उनके साथ जिला क्वालिटी सेल भी उपस्थित रही।

एसीएमएचओ डॉ. पवन कुमार ने बताया कि सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में रावतसर सीएचसी की व्यवस्थाएं काफी बेहतर व गुणवत्तापूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि नेशनल टीम ने रावतसर सीएचसी में सभी विभागों में साफ सफाई, लेबर रूम की व्यवस्था, लेबर रूम में मौजूद सभी उपकरण की वस्तुस्थिति, स्थान की उपलब्धता, डॉक्यूमेंटेशन की स्थिति सहित पूरे अस्पताल में बायोमेडिकल कचरा का उचित प्रबंधन का निरीक्षण किया।

इसके साथ-साथ सैनिटाइजेशन और स्वच्छता की व्यवस्था, संक्रमण से रोकथाम की उचित व्यवस्था, सपोर्ट सर्विसेज, ऑपरेशन थिएटर, पीपी यूनिट की जानकारी भी ली। उन्होंने समस्त स्टॉफ से कार्यों एवं रिपोर्टिंग को लेकर भी चर्चा की। डॉ. पवन कुमार ने बताया कि अगर आंतरिक मूल्यांकन में रावतसर सीएचसी उत्तीर्ण होती है, तो 75 बैडेड सीएचसी को प्रति बैड 10 हजार रुपए तीन साल तक प्रोत्साहन स्वरुप दिए जायेंगे। इस तरह सीएचसी को प्रोत्साहन स्वरुप साढ़े 7 लाख रुपए प्रति वर्ष (तीन साल तक) मिलेंगे। इस अवसर पर रावतसर बीसीएमओ डॉ. मनिन्द्र सिंह, डॉ. नरेन्द्र सिंह शेखावत, डॉ. एसपी ढाल, डीपीएम जितेन्द्र सिंह, बीपीएम कृष्ण टाक, सीएचसी प्रभारी एवं स्टॉफ उपस्थित रहा। उन्होंने डॉ. अर्चना चन्द्रकांत पांडगे, श्रीमती निर्मल नेगी को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया।

# 11वीं में विषय चयन करने के लिए काउंसलिंग सेमिनार



आरएसवी स्कूल में सीईओ आदित्य स्वामी ने कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का शुभारंभ द्वीप प्रज्जवलित कर किया।

**बीकानेर,** (कासं)। जय नारायण व्यास कॉलोनी स्थित आरएसवी उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में आज 11वीं में अपना विषय चयन करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया।

कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का शुभारंभ आरएसवी ग्रुप ऑफ स्कूल के सीईओ आदित्य स्वामी एवं उपस्थित अभिभावकों ने दीप प्रज्वलन करके किया। यदि आप लिए गए विषय के प्रति गंभीर रहते हुए अध्ययन करते हैं तथा उसमें विशेष योग्यता अर्जित करते हैं तो सभी विषयों में असीम संभावनाएं हैं। विषय का चयन करते समय किन-किन विशेष बातों का ध्यान रखना चाहिए तथा विद्यार्थी के लिए उसके इंटरेस्ट के अनुरूप ही विषय का चयन किया जाना चाहिए ना कि किसी को देखकर के विषय का चयन किया जाना चाहिए आदित्य स्वामी ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपने विचारों को साझा किया। विद्यालय के वाणिज्य वर्ग के एचओडी डॉ पुनीत चोपड़ा ने के संदर्भ में प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा इन कंपीटीशन में ट्रेन के लिए प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। इन सभी कंपीटीशन की तैयारी विद्यालय में कक्षा 11जी 12जी के साथ इच्छुक विद्यार्थियों को निशुल्क करवाई जायेगी यह जानकारी भी प्रदान की। अपने संबोधन में विद्यार्थियों को वाणिज्य वर्ग की विशेषताओं उसमें अध्ययन के लिए किस प्रकार से अपने आप को समर्पित करना चाहिए तथा भविष्य में वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए क्या-क्या अवसर उपलब्ध हैं इसकी विस्तार से जानकारी प्रदान की।